
वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 291 | रविवार 18 फरवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया


@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर



# संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी ब्रह्म में लीन

**शाबाश इंडिया**

युग द्दष्टा ब्रहमांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज आज दिनांक 17 फरवरी शनिवार तदनुसार माघ शुक्ल अष्टमी पर्वराज के अंतर्गत उत्तम सत्य धर्म के दिन रात्रि में 2:35 बजे हुए ब्रह्म में लीन। हम सबके प्राण दाता राष्ट्रहित चिंतक परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत सल्लेखना बुद्धिपूर्वक धारण करली थी। पूर्ण जागृतावस्था में उन्होंने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन के उपवास गृहण करते हुए आहार एवं संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था एवं प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद कर दिया था और अखंड मौन धारण कर लिया था। 6 फरवरी मंगलवार को दोपहर शौच से लौटने के



उपरांत साथ के मुनिराजों को अलग भेजकर निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागर जी से चर्चा करते हुए संघ संबंधी कार्यों से निवृत्ति ले ली और उसी दिन आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने आचार्य पद के योग्य प्रथम मुनि शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागर जी महाराज को योग्य समझा और तभी उन्हें आचार्य पद दिया जावे ऐसी घोषणा कर दी थी जिसकी विधिवत जानकारी कल दी जाएगी। गुरुवारश्री जी का डोला चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ में दोपहर 1 बजे निकाला जाएगा,एवम् चन्द्रगिरि तीर्थ पर ही पंचतत्व में विलीन किया जावेगा ।सल्लेखना के अंतिम समय श्रावकश्रेष्ठी अशोक जी पाटनी आर के मार्बल किशनगढ राजा भाई सूरत प्रभात जी मुम्बई अतुल शाह पुणे विनोद बडजात्या रायपुर किशोर जी डोंगरगढ भी उपस्थित रहे ।

**प्रतिष्ठाचार्य -बा.ब्र.विनय भैया 'साम्राट' चन्द्रगिरि तीर्थ डोंगरगढ़ से**

# श्री दिगंबर जैन औषधालय बोरडी का रास्ता किशनपोल जयपुर में एक माह की औषधि पुण्यार्जक परिवार का किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज दिनांक 17 फरवरी 2024 को श्री दिगंबर जैन औषधालय बोरडी का रास्ता किशनपोल जयपुर में एक माह की औषधि पुण्यार्जक परिवार श्रीमती रेखा जैन पत्नी चेतन कुमार जैन, छाबड़ा बगरू बेंगस वालों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। औषधालय के प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी गण निहाल चंद सौगानी, अध्यक्ष महावीर कुमार जैन,मंत्री राजेंद्र बिलाला व नरेंद्र कुमार जैन ने श्रीमती रेखा जैन व चेतन कुमार जैन का सम्मान किया उनके द्वारा दिए गए सहयोग से औषधालय की तीनों ब्रांचेज में एक माह की औषधि की व्यवस्था की जाएगी ।इस कार्य की प्रबंध कार्यकारिणी समिति तथा उपस्थित सतीश बाकलीवाल, अमरचंद पाटनी, रोहित कुमार जैन, भागचंद शाह व वैद्य पवन कुमार शर्मा ने काफी सराहना की तथा यह आशा की कि भविष्य में भी इस संस्थान को आवश्यकता होने पर यथा योग्य सहयोग प्रदान करते रहेंगे ।श्रीमती रेखा जैन ने यह सहयोग अपने जन्म दिवस दिनांक 15 फरवरी व उनके वैवाहिक वर्षगांठ दिनांक 25 फरवरी के उपलक्ष में भेंट की है ।उन्होंने औषधालय की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी महावीर कुमार जैन से व वहां कार्यरत स्टाफ से प्राप्त की तथा धर्मार्थ संस्थान के रूप में रोगियों की जो सेवा श्रुषा की भूरी भूरी प्रशंसा की। यह जानकारी महावीर कुमार जैन मंत्री दिगंबर जैन औषधालय ने दी।



# बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए भारतीय परंपरा अनुसार विदाई समारोह का आयोजन



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**


ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर में आज कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विज्ञान और कला वर्ग के सभी छात्राओं ने भारतीय परंपरागत परिधान साड़ी तो छात्रों ने प्रोफेशनल परिधान सूट के पहनावे के साथ शिरकत की। विद्यार्थियों का स्वागत विद्यालय परिसर में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं के बीच ढोल ढमाकों के साथ तिलक लगाकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच किया गया जहां भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को तिलक लगाकर और गुड के साथ भेंट स्वरूप कलम प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया जिसमे अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हमेशा की तरह अपना, अपने माता पिता गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए आशीर्वचन दिया। इसी क्रम में कक्षा 11 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा शानदार नृत्य, लघु नाटिका और गायन से उपस्थित सभी दर्शकों को रोमांचित और भाव विभोर कर दिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए कुछ रोचक और आकर्षक चैलेंज गेम भी रखे गए जिनको सभी ने शानदार तरीके से प्रदर्शित किया और अंत में सभी परीक्षार्थियों ने अपने गुरुजनों को चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने उपस्थित विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत प्रदर्शन और सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम के लिए आशीर्वाद प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य व्याख्याता दीपक कुमार गुप्ता और मंच संचालन कक्षा 11 की प्रियांशी सुराणा और रजत कोठरी द्वारा किया गया।

# मुनिश्री आदित्य सागर महाराज का मंगल विहार रानपुर से आरके पुरम कोटा के लिए हुआ हमेशा जागते रहो : मुनि श्री आदित्य सागर महाराज

**रानपुर. कासं।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज के परम शिष्य श्रुत संवेगी परम पूज्य मुनि श्री 108 आदित्य सागर महाराज का मंगल विहार रानपुर नगर से संध्या बेला में आरके पुरम कोटा के लिए हुआ। इससे पूर्व शनिवार को पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक किया गया एवं पूज्य महाराज श्री के श्रीमुख से शांतिधारा का उच्चारण किया गया। रानपुर से शुभम जैन से मिली जानकारी के अनुसार महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा की हमेशा जागते रहो, जीवन में इन सात चीजों को हमेशा सोते रहने दो शेर, मधुमक्खी, सांप, कामुक व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, राजा और पड़ोसी का कुत्ता उन्होंने कहा कि लेकिन एक बात का ध्यान रखें कि अपने अंदर की आत्मा को कभी सोने मत देना अपनी आत्मा को सदैव जागृत रखना यदि आत्मा जागृत रहेगी तो जीवन उन्नत बनेगा। पूज्य गुरुदेव ने सामयिक उपरांत आरके पुरम कोटा के लिए मंगल विहार किया एवं रात्रि विश्राम जैन जन उपयोगी भवन खड़े गणेश जी पर किया।



## तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज की समाधि स्थल कुंजवन उदगांव को जन्म जयंती महोत्सव पर भव्यता से सजाया गया




**कुंजवान उदगांव. शाबाश इंडिया**

तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज जैसे तपस्वी संत इस वसुंधरा पर बिरले ही होते है। उन्होंने जितना तप किया है उनकी साधना निश्चित रूप से सभी के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करती है। आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज ने जैन धर्म की प्रभावना में एक अमूल्य योगदान दिया है। श्रमण परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखा। शुक्रवार की बेला में आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज का 86 व जन्म जयंती महोत्सव सभी जगह भव्यता साथ मनाया गया। वह उनके गुण अनुवाद किया गया उनकी पूजन की गई। पूज्य आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज जी की समाधि स्थल कुंजवन उदगांव में भी अंतरमना प्रसन्न सागर महाराज सानिध्य में भी जन्म महोत्सव मनाया गया। उदगाव के मंदिर को विहंगम तरीके से सजाया गया। जो बहुत ही भव्यता प्रदान कर रहा था। यह छायाचित्र पैठन जर्नलिस्ट रुचिर भगत ने सांझा किए जिसे देख लगता है कि आयोजन कितना भव्य हुआ होगा। नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद से प्राप्त जानकारी अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट

## जैन सोशल ग्रुप हेरिटेज सिटी का 276वा भक्तामर स्तोत्र पाठ आज होगा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप हेरिटेज सिटी का 276 वा भक्तामर स्तोत्र पाठ 48 मंडल विधान पूजन व रिद्धि मंत्रो के साथ दीपक प्रज्वलित कर अनुष्ठान 18 फरवरी को होगा। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने बताया कि पिछले 275 माह से हर माह ग्रुप द्वारा भक्तामर पाठ किया जा रहा है इसी क्रम में ग्रुप ने पाठ के कई बार भव्य कार्यक्रम आयोजित किए है । इस प्रोग्राम को निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए आदिनाथ भगवान के चरणो में पोस्टर समर्पित किया व आचार्य श्री चेत्य सागर जी महाराज से आयोजको ने आशीर्वाद प्राप्त किया । ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी ने बताया कि यह भक्तामर पाठ जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल नेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा । जिसमें ग्रुप सदस्यों के साथ सभी ग्रुप्स के प्रतिनिधि सहभागिता निभायेगे । कार्यक्रम को सुंदर व भव्यता के साथ आयोजित करने के उद्देश से कार्यक्रम संयोजक सुभाष बज व महावीर सेठी ने 48 चौकी पर 48 भक्तामर मंडल सजाएं है। जिन पर श्रावक श्राविकाऐ पूर्ण भक्ति के साथ विधान पूजन व दीप अनुष्ठान करेंगे। ग्रुप सचिव अरुण पाटनी के अनुसार यह कार्यक्रम दिनांक 18 फरवरी रविवार को संगिनी जे एस जी हेरिटेज के सहयोग से राणाजी की नसिया में आयोजित किया जाएगा जिसमे मुख्य अतिथि श्रीमती रेणु राणा धर्मपत्नी स्वर्गीय गणेश राणा, मोहित नम्रता राणा होंगे, दीप प्रज्वलन श्रीमान उमराव मल कुसुम संघी करेंगे। शास्त्र विराजमान करने का पुण्यार्जन अनिल, दीवान करेंगे। मुख्य मंडल पर दीप प्रज्वलित भागचंद मुन्ना देवी , राजीव रेणु बज करेंगे। श्रीमती कमलेश , सुशील रानी पाटनी दीप अनुष्ठान मंडल पर मुख्य दीप प्रज्वलित करेंगे। नॉर्थन रीजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी ने बताया रीजन के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में फेडरेशन व नॉर्थन रीजन के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित हो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। संगिनी जे एस जी हेरिटेज की अध्यक्षा अलका बज ने बताया कि पूजन सामग्री पुण्यार्जक धुरेंद्र श्रीमती आशा जैन , अजय ( बब्बल ) भारती छाबड़ा, राज कुमार, महावीर कुमार सेठी होंगे ।

# तनाव बीमारियों का उत्पादन केंद्र : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** संसार में बहुतायत प्राणी अपेक्षाओं की अधिकता के कारण चिन्ता की खाई में गिर जाते हैं, क्योंकि अपेक्षाओं का पूर्ण होना सम्भव ही नहीं है। यह बात श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.)में विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने अपने प्रवचन के माध्यम से भक्तों को संबोधन देते हुए कही। माताजी ने कहा - चिंतित वस्तु की प्राप्ति न होने पर व्यक्ति क्रोध करता है और क्रोध को दबाने पर तनाव पनपता है तो बीमारियों का उपहार देकर ही जाता है। तनाव सभी बीमारियों का उत्पादन केन्द्र है। क्षमता से अधिक कार्य करना, आकांक्षाओं की अपूर्णता, विपरीत धारणाओं में जीवन जीना, हठाग्रही होना, व्यसन करना, दूसरे के अभिप्राय को नहीं समझना, स्वेच्छाचार प्रवृत्ति आदि के कारण तनाव पनपता है। जो पागलपन का जनक है। अशोक कासलीवाल गायत्री नगर व विनय सेठी लालकोठी ने पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर निमार्णाधीन सहस्त्रकूट जिनालय के निर्माण सम्बन्धी चर्चा की । आगामी 25 फरवरी 2024 को पूज्य माताजी का 30वाँ दीक्षा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा ।

## वेद ज्ञान

# मन के कहने पर ही मनुष्य हर काम करता है

मन की यात्रा अधूरी ही होती है। वैसे तो आदमी जीता पूरा है और पूरी तरह से जीने का प्रयास करता है, पर वह जी नहीं पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि वह जीने के लिए प्रयास करता है। उन प्रयासों में वह कुछ संभावनाओं में डूबकर जीता है। कुछ कल्पनाओं में डूबकर जीता है और कभी-कभी स्वप्न में इस तरह खोकर जीता है, जैसे उसका यही सत्य है। यही जीवन है। आदमी का यह मन ही तो है। मन जो मान लेता है, उसी की यात्रा करने लगता है। उसी के नशे में डूबकर कुछ समय काट लेता है। मन सभी चीजों को स्वीकार कर लेता है। मन सभी तरह की बातों को बर्दाश्त कर लेता है। वह केवल अपना रास्ता खोजता रहता है। वह खाने में, पीने में, सोने-जागने में भी अपना प्रभाव रखता है। इसलिए आदमी पूरी तरह से सो भी नहीं पाता। सोकर भी वह स्वप्न में खो जाता है। सोकर वह यात्राएं करने लगता है। स्वप्न में ही उठकर चलने लगता है। स्वप्न में ही मन के भटकाव को मुक्ति देने का प्रयास करता है और कभी-कभी तो सो भी नहीं पाता। पूरी रात स्वप्नों में ही गुजार देता है। वैसे तो मनुष्य पूरी व्यवस्थाओं के साथ जन्म लेता है। जब वह जन्म लेता है तो मां के स्तन में दूध आ जाता है और प्रेम के अनुग्रह का अथाह सागर उसके लिए उमड़ पड़ता है, पर जैसे-जैसे उसकी दुनिया बढ़ती जाती है। वह अपने जीवन के प्रश्नों के समाधान में उलझ जाता है। आदमी की मांग बढ़ती जाती है। प्रश्नों का चक्रव्यूह बढ़ता जाता है। चाहतें बढ़ने लगती हैं। समाधान की खोज में यात्राएं होती रहती हैं। किसी स्थूल यात्रा को वह पूरा कर लौट आता है। तो किसी में उलझ कर छोड़ आता है। आदमी के प्रश्न भी अनेक तरह के हैं और समाधान के मार्ग भी भिन्न तरह के हो जाते हैं। आदमी की कई तरह की चाहतें हैं। अनेक तरह से प्रेम करता है। कोई प्रेमिका के प्रेम में या किसी प्रेमी के प्रेम में खोकर अपना स्वर्ग समझ लेता है। इसी को अपनी जिंदगी समझ लेता है। तो कोई धन से प्यार करता है, कोई पद प्रतिष्ठा से तो कोई कला से प्रेम करने लगता है। इस प्रकार मन के कहने पर वह हर काम करता है, लेकिन बाद में उसे यह अहसास होता है कि मन के कहने पर वह जो भी करता है, अंततः हाथ कुछ नहीं आता। मन की नीरसता व रिक्तता दूर नहीं होती।

## संपादकीय

# एआई इकोनॉमी में मानवीयता की कद्र कहीं ज्यादा रहेगी

सदियों में कुछ ही मौके ऐसे आए हैं जब हमने उन स्किल्स में व्यापक बदलाव होते देखा है, जिन्हें अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। हम ऐसे ही एक दौर में प्रवेश कर रहे हैं। तकनीक और डेटा कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की प्रगति के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। लेकिन अन्य कौशल, विशेष रूप से इंसानों के कौशल जिन्हें लंबे समय तक सॉफ्ट स्किल मानकर कम आंका जाता रहा है,




संभवतः सबसे ज्यादा टिकाऊ बने रहेंगे ये एक आशाजनक संकेत है कि एआई से काम की एक ऐसी दुनिया शुरू हो सकती है जो मानवीय क्षमता पर कम नहीं बल्कि और ज्यादा आधारित होगी। एआई क्या-क्या कर सकता है? इसके शुरूआती संकेत हमें बतौर प्रजाति अलग ढंग से सोचने पर मजबूर कर रहे हैं। प्रभावी ढंग से संवाद करने, सहानुभूति पैदा करने और गंभीरता से सोचने की हमारी क्षमताओं ने मनुष्यों को सहस्राब्दियों तक एक-दूसरे का सहयोग करने और नवाचार करने में मदद की है। ये ऐसे कौशल हैं जो हम सभी में हैं और जिन्हें बेहतर किया जा सकता है, फिर भी इन्हें हमारी अर्थव्यवस्था, शिक्षा या प्रशिक्षण में कभी तवज्जो नहीं दी गई। अब इसे बदलना होगा। आज छात्र अच्छी नौकरी पाने के लिए तकनीकी कौशल पर जोर देते हैं। दशकों से हम उन अच्छी नौकरियों को भविष्य में भी सुरक्षित और ज्यादा वेतन देने वाली मानते रहे हैं, जो तकनीक पर आधारित रही हैं। यही कारण है कि कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में चार साल की डिग्री करने वाले छात्रों की संख्या 2018 और 2023 के बीच 41% बढ़ गई, जबकि मानविकी (ह्यूमैनिटीज) के छात्र घटे हैं। फिर एआई की शक्तियां आई। लिंक्डइन ने हाल में 500 ऐसी नौकरियों की पहचान की है, जिनपर जनरेटिव एआई का असर पड़ेगा। उनकी रिसर्च के मुताबिक 96% सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के मौजूदा कौशल की जगह एआई ले सकता है। लीगल एसोसिएट, फाइनेंस ऑफिसर जैसी नौकरियों को भी खतरा है। एआई का हम सभी के काम पर कुछ न कुछ असर जरूर पड़ेगा। सवाल उठता है, बतौर इंसान हमारी मुख्य क्षमताएं क्या हैं? अगर हम एआई के युग के खौफ को ध्यान में रखकर जवाब खोजेंगे तो इंसानी क्षमताओं की कमजोर तस्वीर बनेगी। इसके बजाय, यह जरूरी है कि हम यह सोचें कि एआई के दौर में इंसानों के लिए क्या-क्या संभावनाएं हैं तब हमारा ध्यान इंसानी कौशलों पर जाएगा, जिनसे हम मिलकर काम करते हैं। और नवाचार करते हैं। कुछ तरह से, जैसा तकनीक नहीं कर सकती। आज लिंक्डइन पर सभी नौकरियों में कम्युनिकेशन पहले से ही सबसे ज्यादा मांग में रहने वाला कौशल है। यहां तक कि एआई के विशेषज्ञों को भी एआई के साथ अच्छी तरह से काम करने के लिए इस कौशल की जरूरत है। पिछले साल लिंक्डइन पर 70% से ज्यादा अधिकारियों ने कहा कि उनके संगठनों के लिए उच्च तकनीकी एआई कौशल की तुलना में सॉफ्ट स्किल्स ज्यादा महत्वपूर्ण थे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# वित्तीय अविश्वास

आर्थिक उदारीकरण के दौर में वित्तीय सेवाओं का सुगम और पारदर्शी होना एक बुनियादी जरूरत है। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को फास्टैग सेवा के लिए 30 अधिकृत बैंकों की सूची से हटाकर तमाम वित्तीय संस्थाओं को पारदर्शिता बरतने के लिए जो संदेश दिया है, वह स्वागत-योग्य है। किसी भी कंपनी को अपने नियामक के अनुरूप ही काम करना चाहिए, मगर ऐसा लगता है कि निशाने पर आए पीटीएम ने कहीं न कहीं कोताही बरती है और इसीलिए उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। ध्यान देने की बात है कि अब पूरे देश में फास्टैग सुविधा की व्यवस्था हुई है, जिसका लाभ प्रतिदिन करोड़ों लोगों को होता है। देश भर में स्थित साढ़े आठ सौ से ज्यादा टोल गेट या टोल नाकों या टोल प्लाजा से जितने भी लोग गुजरते हैं, उन्हें नकदी रखने की मजबूरी से मुक्ति मिल चुकी है और ज्यादातर टोल गेट पर जेब टटोलने या वाहन से बाहर हाथ निकालने और खुदरा पैसों के लिए बहस करने की जरूरत नहीं रह गई है। यात्रा का आनंद बढ़ा है। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि फास्टैग को सफल बनाने में पेटीएम की भी भूमिका रही है, पर अब जो समस्या खड़ी हुई है, उससे निपटने के लिए खुद इस कंपनी को बड़ी पहल करनी पड़ेगी। इस कंपनी के क्रिया-कलापों से भारतीय रिजर्व बैंक प्रसन्न नहीं है और उसने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर व्यावसायिक प्रतिबंध लगाए हैं। इस कंपनी को कहा गया है कि उसका बैंक 29 फरवरी के बाद कोई जमा स्वीकार न करे और कर्ज लेन-देन भी न करे। इस कंपनी को पहले ही चेत जाना चाहिए था, भारतीय केंद्रीय बैंक ने मार्च 2022 में ही उसके बैंक को नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक की मर्जी से ही देश में तमाम वित्तीय संस्थाओं को काम करना चाहिए और किसी भी संस्था को मनमानी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जो कंपनी नियमों की पालना नहीं कर रही है, उसे कारोबार से रोकना गलत नहीं है और इसी दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कदम उठाया है। यह डिजिटल का दौर है और इस दौर में विश्वसनीयता की जरूरत ज्यादा बढ़ गई है। लोग लाखों रुपये का आदान-प्रदान एक क्लिक या एक बटन से करने लगे हैं। यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि डिजिटल के विस्तार के साथ ही, धोखाधड़ी की आशंकाएं भी बढ़ी हैं। धोखाधड़ी में साइबर लुटेरे ही नहीं, बल्कि बड़ी संस्थाएं भी लगी हुई हैं। वित्तीय मोर्चे पर ज्यादा सुविधा दरअसल लोगों को लापरवाह भी बना देती है और अक्सर लोभी प्रवृत्ति के लोगों के साथ ठगी हो जाती है। अतः अगर कोई संस्था बैंकिंग क्षेत्र में सेवा देना चाहती है, तो उसे पूरी तरह से चाक-चौबंद होकर ही बाजार में उतरना चाहिए। बैंकिंग क्षेत्र का विगत वर्षों में बहुत विस्तार हुआ है, अनेक कंपनियां बैंकों की तरह व्यवहार या कारोबार करने लगी हैं, पर क्या उन्हें पूरी तरह से जिम्मेदार बनाए रखने के इंतजाम पर्याप्त हैं? भारत में बैंकिंग धोखाधड़ी को लेकर ज्यादा चिंता स्वाभाविक है। वित्तीय वर्ष 2023 में बैंकिंग प्रणाली में कुल 13,530 धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। कुल रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी के मामलों में से लगभग 49 प्रतिशत डिजिटल भुगतान-कार्ड/इंटरनेट श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। अतः डिजिटल आधारित बैंकिंग की दुनिया में सौ फीसदी विश्वसनीयता बनाकर ही हमें आगे बढ़ना चाहिए।

# छोटी काशी जयपुर में 18 फरवरी को देश-विदेश के संत एकत्रित होकर मथुरा एवं काशी के लिए बनायेंगे आगे की रणनीति...



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिला सभागार में श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट पावन धाम ट्रस्ट एवं माहेश्वरी समाज के संयुक्त तत्वावधान में 18 फरवरी रविवार को श्री पंचखण्ड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेन्द्र महाराज के सानिध्य में एक सप्ताह तक बह्मकालीन राष्ट्र संत आचार्य स्वामी धर्मेन्द्र महाराज की स्मृति में धर्मोत्सव समारोह देश विदेश के संतों की मौजूदगी में मनाया जाएगा। श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि 18 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द गिरी, अध्यक्षता रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महेन्द्र स्वामी नृत्य गोपाल दास जी के उतराधिकारी महामण्डलेश्वर स्वामी कमल नयन दास जी महाराज (अयोध्या), विशिष्ट अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकारी अंर्तराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार अतिथि विशिष्ट अतिथि गोवा के श्रीदत पद्नाभ पीठाधीश्वर स्वामी बह्मेश्नानदचार्य महाराज रेवासा धाम के स्वामी राघवाचार्य जी महाराज त्रिवेणी धाम के स्वामी राम तीर्थ पल दास जी महाराज अमेरिका के स्वामी बह्म नंद सरस्वती जी महाराज स्पेन से स्वामी उमेश, योगी जी महाराज केलिफोर्निया (अमेरिका) से स्वामी स्वालामन्द जी महाराज इंग्लैंड से राज रामेश्वर गुरूजी महाराज एवं अनेक संत महात्मा आचार्य महा मंडलेश्वर छोटी काशी जयपुर में सभी देश विदेश के संत एकत्रित होकर श्रीकृष्ण जन्म स्थान मथुरा और काशी विश्वनाथ मंदिर को लेकर आगामी समय में क्या रण नीति अपनाई जावे, उस पर व्यापक विचार विमर्श करेगें। इस एतिहासिक संत सम्मेलन में गोवा के स्वामी ब्रह्म सानंद जी महाराज को प्रथम आचार्य स्वामी श्री धर्मेन्द्र महाराज के स्मृति सम्मान से विभूषित किया जायेगा। गोवा के स्वामी को 2022 में केन्द्र सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया था। संत सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल (लवाण वाले) व मुख्य सहयोग करता मोहित गणेश राणा ने बताया कि संत सम्मेलन के लिए अयोध्या के संत स्वामी रामदास महाराज, स्वामी विष्णुदास महाराज एवं अन्य संत जयपुर पधार गए है। सभी पूज्य संत कल 17 फरवरी को सांयकाल तक जयपुर पधार जाएंगे। श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के महा सचिव गब्बर कटारा ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 से 2.30 बजे तक चलेगा।

# दी रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान

श्याम नगर, जयपुर। मो. 9829051564

## दी रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान के चुनाव सम्पन्न










**जयपुर।** दी रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान के चुनाव सम्पन्न हुये जिसमें अध्यक्षः श्रीमती उषा शर्मा (रिटा.IAS) कार्यकारी अध्यक्ष : श्री राममोहन जैन (रिटा. IAS ) सचिव : श्री अनिल कुमार भार्गव, उपाध्यक्षः श्री वैभव गिलेरिया (IAS), श्रीमती मंजू राजपाल (IAS), श्रीमती आंनदी (IAS), श्री इन्द्रजीत सिंह (IAS), श्रीमती रूकमणी रार (IAS), श्री अभिषेक सुराणा (IAS), श्री एम. एल. गोयल, चेयरमैन रोज शो : डॉ. विनय सुरेन, चेयरमैन क्रायसिथामम शो : डॉ. एस. एस. महेता, **संरक्षक :** श्री अरूण कुमार (रिटा. IAS ), श्री आई सी. श्रीवास्तव (रिटा. IAS ), श्री अशोक जैन (रिटा.IAS), श्री डी. बी. गुप्ता (रिटा. IAS ) चुने गये।

# सहकारिता मंत्री राजस्थान सरकार गौतम दक ने कामां पंचकल्याणक महामहोत्सव में आने की स्वीकृति दी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कामां, राजस्थान में परम पूज्य 108 आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज संसघ सानिध्य में 28 फरवरी से 4 मार्च तक होने वाले पंचकल्याणक महामहोत्सव में अतिथि के रूप में उपस्थिति हेतु सहकारिता मंत्री गोतम जी दक को महोत्सव समिति के प्रतिनिधिमंडल ने निवेदन किया जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दी। महोत्सव समिति के संयोजक प्रवीण बडजात्या ने अवगत कराया कि प्रतिनिधिमंडल में महोत्सव समिति के प्रवीण बडजात्या वैशाली नगर, मुख्य समन्वयक उदयभान जैन बड़जात्या महारानी फार्म, कोषाध्यक्ष अशोक बडजात्या झोंटवाडा, धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम बिलाला जयपुर, के साथ भारतीय जनता पार्टी जिला बूंदी के जिलाध्यक्ष अखिलेश जैन बूंदी, सिद्धार्थनगर जयपुर से विनीत चांदवाड भी उपस्थित थे। आचार्य श्री संघ सहित दिल्ली से कामां महामहोत्सव में सानिध्य प्रदान करने हेतु विहार कर चुके हैं।

# आर्यिका भरतेश्वर मति माताजी का ससंघ टोंक में भव्य मंगल प्रवेश हुआ



**टोंक. शाबाश इंडिया।** आचार्य विमल सागर जी महाराज की शिष्या गणिनी आर्यिका भरतेश्वर मति ससंघ का मंगल प्रवेश शनिवार को पांच मंदिर पुरानी टोंक में हुआ। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि शनिवार को आर्यिका संघ का विहार इंडस्ट्रीज एरिया से छावनी होते हुए बमोर गेट पहुंचा जहां पर समाज के लोगों ने आर्यिका संघ की अगवानी की बमोर गेट से बाबरो का चौक छोटा बाजार होते हुए मंगल प्रवेश का जुलूस पांच मंदिर परिसर पहुंचा बैंड बाजो के साथ समाज के महिला पुरुष हाथों में केसरिया ध्वज थामे हुए मंगल गीत गाते हुए चल रहे थे जुलूस में पारस सोनी रमेश छाबड़ा पारस डोसी प्यारेलाल रिंकू पूनम अनीता सीमा सुनीता सहित कई श्रद्धालु भक्ति भाव से नाचते हुए चल रहे थे पांच मंदिर परिसर पहुंचकर आर्यिका संघ ने पांचो मंदिर के दर्शन किये तत्पश्चात नेमिनाथ मंदिर माणक चौक में आर्यिका भरतेश्वर मति के मंगल प्रवचन हुए तत्पश्चात पुरानी टोंक में ही श्रावक श्रेष्ठियों के निवास पर आर्यिका संघ की आहारचार्य संपन्न हुई।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में किया अर्घ समर्पण

## भगवान की भक्ति मुक्ति का कारण बनेगी: मुनि श्री

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में आचार्य श्रीआर्जवसागर जीमहाराज ससंघ केसान्निध्य में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में आज भक्तों ने पांच सौ अर्घो का समर्पण मंडल पर भक्ति भाव के साथ किया इस दौरान जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई।


## सिद्धो की आराधना से संसार सुख भी मिलता है: मुनि श्री

इस दौरान मुनि श्री महतसागर जी महाराज ने कहा कि सिद्धो की आराधना संसार सुख के साथ परमार्थ सुख को भी देने वाली है भगवान की पूजा अर्चना बहुत भाग्यशाली लोगों को मिलती हैं पुण्यर्जक परिवार ने अपने सभी मित्रों रिश्तेदारों के साथ समाज जनों के साथ भगवान की भक्ति करने का संकल्प लेकर सातिशय पुण्य का वंध किया है संसार में अच्छे कामों का फल तुरंत मिले ये आवश्यक नहीं है लेकिन इतना तो पक्का है कि धर्म का फल जव भी मिलता है किये हुए कर्म से अनंत गुना होकर ही मिलता है तव ही तो अंजन चोर जैसे जीव भी निरंजन पद को पा लेते हैं



## शीघ्र सहस्त्र कूट जिनालय की स्थापना हो ऐसी भावना भाये: विजय धुर्रा

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में सहस्त्र कूट जिनालय की स्थापना होने जा रही है जिसमें एक हजार आठ प्रतिमाओं की स्थापना की जायेगी जो भाग्यशाली भक्तों को विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा कल आप लोग एक हजार आठ अर्घो का समर्पण करने जा रहे हैं तो ऐसी भावना वनाये की शीघ्र सहस्त्र कूट जिनालय की स्थापना हो। इसके पहले आज जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य डॉ सुरेन्द्र जैन डॉ रक्षेन्द्र जैन विधान पुण्यर्जक परिवार रमेश कुमार नीरज कुमार आशीष कुमार ईसागढ़ वाले प्रदीप जैन उज्जैन परिवार शैलेन्द्र दददा सहित अन्य भक्तों ने किया इन सभी का सम्मान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष राकेशअमरोद महामंत्री विपिन सिंघई प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया इस दौरान कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि रमेश चंद्र नीरज कुमार ईसागढ़ परिवार के मंगल भावों की दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी बहुत बहुत अनुमोदन करती है तीर्थ कमेटी अपनी ओर से अच्छी से अच्छी सुविधाएं देना चाहती है।






# श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर की कार्यकारिणी के चुनाव 26 मई को

## राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त हुए



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर की कार्यकारिणी की बैठक समिति कार्यालय में आयोजित हुई। इस मौके पर श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर के आगामी चुनाव करवाने के लिए एक चुनाव समिति का गठन करने का निर्णय लेते हुए राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। इस मौके पर बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चुनाव आगामी 26 मई को पारीक कॉलेज प्रांगण में सम्पन्न होंगें।

# दिगम्बर जैन मन्दिर वरुण पथ मानसरोवर में आरती सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन मन्दिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर महिला मंडल के द्वारा आरती सजाओ प्रतियोगिता का बहुत ही शानदार आयोजन किया गया। अध्यक्ष, सुशीला टोंग्या एवं सचिव, हिमानी जैन ने बताया की आरती सजाओ प्रतियोगिता में मैना जैन, शालिनी जैन,कनक लता जैन बांदीकुई, सुमन जैन, अंजू जैन, अर्पणा ठोलिया, अलका जैन द्वारा आरती की थालिया सजाकर लाई गई जिनमे प्रथम पुरस्कार मिथलेश काला, द्वितीय पुरस्कार मृदुला जैन, तृतीय पुरस्कार सविता जैन, मंजू सतीश कासलीवाल एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी सदस्यों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य परामर्शक, चन्द्र कांता छाबड़ा, सलाहकार, शशी सेन जैन, कोषाध्यक्ष, वीणा जैन की गौरवमई उपस्थिति रही। महिला मंडल अध्यक्ष, सुशीला टोंग्या द्वारा सभी सदस्यों का अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।






# वार्षिकोत्सव 2024 व भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

## श्री महासुख बियानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नावा में हुआ कार्यक्रम आयोजित। नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई एक से बढ़कर एक सुंदर व मनमोहक प्रस्तुतियां






**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

नावा सिटी। उपखंड मुख्यालय स्थित श्री महासुख बियानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नावा में वार्षिकोत्सव 2024 व भामाशाह सम्मान के साथ कक्षा 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। अध्यापक महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट आनंदी लाल कुमावत पालिका उपाध्यक्ष नावा सिटी थे वहीं विशिष्ट अतिथि प्रकाश योगी भाजपा मंडल अध्यक्ष नावा, बसंत अग्रवाल, श्री राम तँवर, एसडीएमसी सदस्य आशीष बियानी, प्रकाश मोदी, भवानी शंकर कुमावत, राधेश्याम जांगिड़, भामाशाह जावेद अली लोहार, बाबूलाल दुबलदिया, बोदूराम रणवा जाबदीनगर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए सी बी ई ओ मालचंद नेटवाल ने की। इस दौरान विद्यालय की नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक सुंदर व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई जिसे कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर भामाशाह राजेश गोयल की और से इस सत्र में 20 स्टूल टेबल सेट लागत लगभग 31000 /-रुपए देने की जानकारी दी गई। भामाशाह बोदूराम रणवा जाबदीनगर ने इस सत्र में विद्यालय की 35 जरूरतमंद बालिकाओं को स्वेटर वितरण किए। भामाशाह जावेद अली लोहार द्वारा 20 स्टूल टेबल सेट लागत लगभग 35000 /-रुपए देने की घोषणा की गई। पालिका उपाध्यक्ष एडवोकेट आनंदीलाल कुमावत ने छत मरमत व स्टेज निर्माण राजकीय योजना व अन्य राजकीय मद से कार्य करवाने का पूरा पूरा प्रयास करने का भरोसा दिलाया। एसडीएमसी सदस्य आशीष बियानी व प्रकाश मोदी ने क्षतिग्रस्त हॉल के पुनर्निर्माण करवाने का आश्वास दिया। इस दौरान विद्यालय के भामाशाह प्रेरक समाजसेवी पत्रकार मनोज गंगवाल, नावा सोशियल सर्विस सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष लुकमान शाह, सलीम लीलघर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान अर्चना शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्चना शर्मा, जगदीश राम जीजोट व्याख्याता, व्याख्याता राजकुमारी शर्मा, संगम परिहार, रजनी टेलर, जगदीश मीणा, रेखा, महेंद्र शर्मा, उमराव जटवा, प्रेम चौधरी, दिलीप सिंह, संगीता स्वरूप, सुशील वर्मा, सुनीता यादव, दौलत सिंह, धर्मेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# जरुरतमंद बालिकाओं एवं महिलाओं की मदद

## संगिनी मेट्रो ने किये कपड़े, कम्बल व मिठाई फल वितरित

जयपुर. शाबाश इंडिया। संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो जयपुर द्वारा सामाजिक एवं मानव सेवार्थ कार्यक्रमों की श्रृंखला में संगिनी सदस्याओं के सहयोग से प्रताप नगर स्थित राज्य महिला सदन में रह रही जरुरतमंद बालिकाओं एवं महिलाओं को कम्बल, सलवार सूट, जींस, टोपर, साड़ियाँ, ऊनी स्वेटर, कार्डीगन, जैकेट, शाल, पेंट शर्ट, जूते, चप्पल, मोजे आदि वितरित किए गए। इस मौके पर सभी को कचौरी, मिठाई, केला, संतरा आदि का अल्पाहार भी करवाया गया। अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा के नेतृत्व में विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र का तीन बार सामूहिक रूप से उच्चारण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



तत्पश्चात संगिनी मेट्रो द्वारा की जा रही मानव सेवार्थ गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा के मुताबिक सेवा के कार्यों में समाजश्रेष्ठी पुष्पेन्द्र, रिंकू, पीयूष, मिताशा, मुस्कान, सुकृति पाटोदी, संगिनी की संयुक्त सचिव नीतू - प्रवीण जैन ने सहयोग प्रदान किया। संगिनी सदस्या दीपा जैन द्वारा केला, सन्तरा आदि फल उपलब्ध करवाए गए। अनिता जैन द्वारा 7 कम्बल दिये गये। संगिनी अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने वर्षा राजपूत के 18 फरवरी को होने वाले विवाह के लिए एक नया लहंगा दिया। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष अम्बिका सेठी, सचिव रेखा पाटनी, संयुक्त सचिव नीतू जैन सहित अमिता साह, अर्चना जैन, माधुरी जैन, अंजू जैन, अनिता जैन ने अपनी सहभागिता निभाई। संगिनी जेएसजी मेट्रो की सचिव रेखा पाटनी ने सहयोग प्रदान करने वाले श्रेष्ठीजन तथा सभी सदस्याओं का आभार व्यक्त किया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सर्वत्र सुख व सर्वकल्याण की कामना से यज्ञ में आहूतियां, रासलीला में छाई कृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां

## हनुमान टेकरी स्थित काठियाबाबा आश्रम पर श्री कामधेनु सुरभि महायज्ञ जारी



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा । जीवन में सुख- समृद्धि, विश्व शांति, आरोग्यमय जीवन की कामना के साथ भीलवाड़ा शहर में छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम में आयोजित भव्य 11 कुण्डीय श्री कामधेनु सुरभि महायज्ञ में चौथे दिन शनिवार को भी यज्ञवेदी में आहुतियों का दौर जारी रहा। महायज्ञ में भीलवाड़ा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भक्तगण शामिल हो रहे है। महायज्ञ के साथ श्री राधा रासेश्वरी रासलीला मण्डल श्रीवृन्दावनधाम मथुरा द्वारा भक्तिपूर्ण रासलीला की प्रस्तुति का दौर भी जारी है। सात दिवसीय महायज्ञ आयोजन के चौथे दिन सुबह 8 बजे महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में यज्ञ मण्डप में यज्ञाचार्य आचार्य श्री मुकेश अवस्थी महाराज श्रीधाम वृन्दावन के निर्देशन में यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुए। यज्ञाचार्य अवस्थी ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में सर्वप्रथम सभी यज्ञकर्ताओं को पवित्रीकरण से पवित्र कर पंचगव्य के प्राशनपूर्वक यज्ञमण्डप में प्रवेश कराया गया। अपने-अपने आसन पर बैठकर सभी मण्डपों पर आह्वावित देवताओं का पूजन करके गौमाता का पृथक-पृथक पंचामृत के द्वारा स्नान कराके विधिवतपूर्वक पूजन किया गया। इसके बाद सभी ने अपने-अपने मण्डप पर बैठकर गौमाता के दिव्य मंत्रों से हवन किया। इसके बाद आरती,पुष्पांजलि ओर यज्ञ मण्डप की परिक्रमा के साथ आरती प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ का विश्राम हुआ। चौथे दिन यज्ञ के मुख्य यजमान गजानन्द बजाज थे। यज्ञ में आहुति देने वाले यजमानों में गोपाल जाट, समुद्रसिंह,श्याम जोशी, संपत साख्या, सुरेन्द्रसिंह आदि शामिल थे। आयोजन के तहत यज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12.30 बजे तक हो रहा है।

# आचार्य विद्यासागर महाराज के स्वास्थ्य लाभ हेतु णमोकार पाठ का जाप



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्योपुर के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर जी प्रांगण में शनिवार संध्या बेला में आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु श्योपुर समाज द्वारा णमोकार पाठ का जाप किया गया। पाठ के माध्यम से आचार्य श्री के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की जिनेन्द्र प्रभु से मंगल कामना की गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिलीप पाटनी, संरक्षक अशोक पापडीवाल, युवा मंडल के अध्यक्ष अनिल पाटनी, सांस्कृतिक मंत्री निमेश गंगवाल अंकित जैन, अजय शाह, रवि बोहरा, अशोक छाबड़ा, दीपेश जैन, नरेश जैन, दिनेश बडजात्या सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# नेटथियेट पर रंग कथक

## भाव, लय में दिखी कथक की बारीकियां



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज इन्टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कथक डांस जयपुर घराने की युवा कथक नृत्यांगना कृतिका एवं रक्षिता ने अपने भावपूर्ण कथक नृत्य से जयपुर कथक की बारीकियों को दर्शाया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कथक गुरू श्रीमती श्वेता गर्ग की शिष्य कृतिका रघुवंशी और रक्षिता शेखावत ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत कस्तूरी तिलक वंदना कस्तूरी तिलकं ललाट पटले से की। इसके बाद शुद्ध कथक ताल, धमार 14 मंत्र, थाट, आमद, चक्करदार तोडा, तत्कार, कवित्त, तिहाई की प्रस्तुति से जयपुर कथक को साकार किया। अंत में कृष्ण भजन जय मुरली मनोहर गोपाला से कार्यक्रम को विराम दिया। कृतिका और रक्षित के नृत्य में लयकारी, ताल एवं भाव की स्पष्ट झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन रेनू सनाढ्य ने किया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत सागर गढ़वाल एवं तपेश, मंच सज्जा जीवितेश एवं अंकित शर्मा नोनू की रही ।

# अध्यक्ष पद पर विनोद रोकड़े जैन की नियुक्ती




**वाशिम. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यकर्ता, मुनीभक्त विनोद रोकड़े जैन को ग्लोबल यूथ फोरम का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री दिगंबर जैन ग्लोबल युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारसजी लोहाडे नासिक मालेगांव शहर के युवा नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, निस्वार्थ सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर, मुनिसेवा आहार विहार सेवा धार्मिक क्षेत्रों में हमेशा आगे रहते हैं युवा नेतृत्व की ओर से आनंद काला जैन राष्ट्रीय महासचिव ने ग्लोबल यूथ फोरम महासभा मालेगांव का विनोद मंगलचंद रोकड़े जैन को श्री दिगंबर जैन ग्लोबल यूथ फोरम महासभा में वाशिम का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# श्री महावीर कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव 2024 का आयोजन

**जयपुर।** सी स्कीम स्थित श्री महावीर कॉलेज परिसर में दा एंप्लॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 17 फरवरी 2024 शनिवार को महावीर प्लेसमेंट ड्राइव 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे उम्मीदवारों एवं कंपनियों से रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया गया। प्लेसमेंट में 25 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। ARL Infratech Ltd., India First Life Insurance,4 Fox Business Solution, Archive Infotech, Impressive Star Softwares, Girnar Young Champion Program, Square Insurance Brokers Pvt.Ltd, Wonder Home Finance,CORE Financial Services, Mahindra Holidays and Resorts, Business Now Private Ltd, Maxtell India, Toprankers Edtech Solution Pvt Ltd, CADD Centre training Services, ICICI Bank (Through NIIT), Swatantra Micro Finance,Teleperformance, Fincare small finance Bank, IBWC, ICICI Academy for skill, AU Small Finance Bank आदि कंपनियों ने मार्केटिंग एचआर ऑपरेशंस, फाइनेंस, बीपीओ, आईटी सेक्टर सेल्स मेनेजर कस्टमर रिलेशन ऑफिसर आदि पदो के लिए ऑफर दिया। कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन ग्रुप डिस्कशन व साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ आशीष गुप्ता ने बताया कि छात्र-छात्राओं को रोजगारों मुखी बनाने के लिए महावीर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संधी, मंत्री सुनील बख्शी,उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया,सुरेंद्र पांड्या,कोषाध्यक्ष महेश काला, कॉलेज कन्वीनर प्रमोद पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य रुपिन काला, विनोद कोटखावदा ने विभिन्न कॉलेजों से आए हुए विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्लेसमेंट डाइव में राजस्थान के विभिन्न कॉलेजों से लगभग 400 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। **-डॉ आशीष गुप्ता प्राचार्य**



# शीतल तीर्थ रतलाम में दो दिवसीय राष्ट्रीय जैन विद्वत सम्मेलन का शुभारंभ हुआ




**रतलाम. शाबाश इंडिया**

नवनिर्मित एवं सुदर्शनीय दिगंबर जैन शीतल तीर्थ के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व बेला में दो दिवसीय ( 17-18 फरवरी ) राष्ट्रीय जैन विद्वत सम्मेलन का आज प्रातः शुभारंभ हुआ जिसमें देश के विभिन्न शहरों से पधारे लगभग 30 लब्ध प्रतिष्ठित जैन विद्वान धर्म, संस्कृति, और आगम से संबंधित विषयों पर अपने आलेखों का वाचन करेंगे। प्रथम दिवस आज प्रातः सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता अखिल भारतीय दिगंबर जैन विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक जैन वाराणसी ने की। मुख्य अतिथि थे दिगंबर जैन महा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बड़जात्या इंदौर एवं विशिष्ट अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के पूर्व कुलपति डॉ नरेंद्र धाकड़ एवं शास्त्री परिषद के महामंत्री ब्रह्मचारी जयकुमार जैन निशांत टीकमगढ़ और विद्वत परिषद दिल्ली के मंत्री प्रोफेसर विजय कुमार जैन थे।

# मानसिक तनाव से बचने को लेकर नुक्कड़ नाटक से किया आमजन को जागरूक

## नुक्कड़ नाटक से मानसिक तनाव निदान का सुझाया समाधान, द विजन एकेडमी स्कूल के नन्हें कलाकारों ने जमाया रंग




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर के द विजन एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार शाम गणगौर घाट पर एक नुक्कड़ नाटक ''बेचैन मन'' प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. प्रतिमा सामर ने बताया कि मोहम्मद रिजवान मंसूरी द्वारा लिखित और निर्देशित यह नुक्कड़ नाटक वर्तमान समय में लोगों को मानसिक तनाव से बचने, बच्चों पर पढ़ाई को लेकर सामाजिक दबाव, माता- पिता की उम्मीदों पर खरा उतरने और परीक्षा के समय पर होने वाले मानसिक दबाव को रेखांकित करता है साथ ही मुश्किल समय में एक दूसरे को मदद करने, परेशानियों को साझा करने, पढ़ाई और परीक्षा के समय विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहने के उपाय पर दर्शकों को सोचने पर विवश करता है। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने अपने प्रभावी अभिनय से इस बात का संदेश दिया कि वर्तमान समय में खासकर युवा वर्ग मानसिक तनाव की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों से बात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार एकजुट रहने से भी कई समस्याओं का स्वतः समाधान होता है। इस अवसर पर नाटक के समन्वयक पूनम चौहान सहित टीचर शिप्रा चतुर्वेदी, मीनाक्षी अरोरा, निखिल शर्मा भावना और महिपाल भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि स्कूल प्रबंधन रंगमंच गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों सहित जन जागरूकता के प्रयोजन से समय समय पर नुक्कड़ नाटक आयोजित करवाता है। नुक्कड़ नाटक में तनवी मुण्डानिया, निखिल साहू, प्रद्युम्न जोशी, जयेश, अब्दुल कादिर, तनवी, लविका, यजत, विकास, यश, रामचंद्र, निलोय, धानी, दिव्यांशी और सुहानी ने भागीदारी निभाई।

**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# रिलायंस फाउंडेशन की ज्योति याराजी ने इतिहास रचा

## एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया




**तेहरान. शाबाश इंडिया।** रिलायंस फाउंडेशन से जुड़ी एथलिट ज्योति याराजी ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 60 मीटर बाधा दौड़ में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता है। याराजी ने फाइनल में आश्चर्यजनक रूप से 8.12 सेकंड का समय लेकर जीत की ओर कदम बढ़ाया। ज्योति याराजी अब 60 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड छह बार तोड़ चुकी हैं। ज्योति ने पिछले साल 8.20 सेकंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, फिर इसे चार बार पीछे छोड़कर 8.13 सेकंड में पूरा किया। उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, ज्योति याराजी ने कहा, ''एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप एक बहुत अच्छा अनुभव था। यह सीजन की शुरूआत है और सीजन की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है, इसलिए मैं प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह स्वर्ण पदक खास है। मैं पिछले सप्ताह हैमस्ट्रिंग में दर्द को लेकर थोड़ा चिंतित था, लेकिन मेरी टीम और रिलायंस फाउंडेशन के फिजियोथेरेपिस्ट ने मुझे प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की। मैं प्रतियोगिता की तैयारी में मेरी मदद करने के लिए ओडिशा सरकार और रिलायंस फाउंडेशन का आभारी हूं। जिस तरह से मैंने सीजन की शुरूआत की है उससे मैं खुश हूं।'' प्रतियोगिता के लिए ज्योति ने कलिंगा इंडोर एथलेटिक्स स्टेडियम में प्रशिक्षण लिया। उन्होंने ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर द्वारा आयोजित पहली इंडोर एथलेटिक्स टेस्ट मीट में भी भाग लिया। ज्योति ने 2023 से अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है, जहां उन्होंने एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। ज्योति ने दिन की शुरूआत में अपनी हीट में 8.22 सेकंड का समय रिकॉर्ड किया।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। स्थानीय सीएमआरजे राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूषण मोंगा की अध्यक्षता तथा डा.अमनप्रीत कौर के संयोजन में कॉलेज के वाणिज्य विषय परिषद, आईक्यूएसी कमेटी तथा प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई थी। अरुण कुमार पुनिया ने फाइनेंशियल एजुकेशन ट्रेनर के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय प्राचार्य तथा सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा बुक्के के साथ उनका स्वागत किया गया। अरुण पुनिया ने दो दिन तक लगातार बच्चों को वित्तीय शिक्षा की ट्रेनिंग दी। उन्होंने बचत, निवेश, स्टॉक मार्केट, पोस्ट ऑफिस स्कीम तथा म्युचुअल फंड के बारे में उन्होंने विस्तार से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा की सामान्य अर्थों में बचत का अर्थ धन को संचित करने से है, किंतु अर्थशास्त्र में बचत का अर्थ मुद्रा को बैंक में रखना, पेंशन फंड में निवेश करने इत्यादि से लगाया जाता है बचत किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास का आधार होती है। और निवेश आय का वह भाग है जो वास्तविक पूंजी निर्माण के लिए खर्च किया जाता है।

